# University in News on 17 March 2020

## AMAR UJALA-MY CITY

# इस बार ओएमआर शीट पर होगी पीजी की प्रवेश परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया में इस साल कई बड़े बदलाव किए गए हैं। विवि प्रशासन परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा भी अब स्नातक की तरह ओएमआर शीट पर बहुविकल्पीय सवाल आधारित प्रणाली से कराएगा। अभी तक लविवि में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया ओएमआर पर तथा परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया लिखित प्रणाली पर होती थी। एक अन्य बड़े बदलाव के तहत विवि प्रशासन ने एलएलएम में प्रवेश परीक्षा के साथ ही साक्षात्कार की शुरुआत भी की है। एलएलएल में दाखिले अब 80 नंबर लिखित और 20 नंबर के साक्षात्कार के आधार पर होंगे।

### लविवि में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

### एलएलएम में प्रवेश परीक्षा के बाद होंगे साक्षात्कार



लविवि ने तीन साल पहले अपने यहां पीजी दाखिले ओएमआर के बजाय लिखित परीक्षा पर कराने की शुरुआत की थी। इस साल इसमें बदलाव कर दिया गया है। अब परास्नातक प्रवेश परीक्षा में भी ओएमआर पर बहुविकल्पीय सवाल पूछे जाएंगे। परीक्षा में अभ्यर्थियों को 90 मिनट में 100 बहुविकल्पीय सवालों के जवाब देने होंगे। इसी तरह एलएलएम में 90 मिनट में अभ्यर्थियों को 80 सवालों के जवाब देने होंगे। अभ्यर्थियों को 20 नंबर साक्षात्कार के आधार पर दिए जाएंगे।

### ऑनलाइन करना होगा आवेदन

लविवि में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार शाम पांच बजे से शुरू हो गई। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर जाकर स्नातक, परास्नातक, यूजी मैनेजमेंट, बीपीएड, योगा और एमपीएड पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। स्नातक , यूजी मैनेजमेंट और बीएलएड में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 10 अप्रैल तय की है। पीजी में आवेदन की अंतिम तारीख 25 अप्रैल, बीपीएड, एमपीएड और एमएड में आवेदन की अंतिम तारीख 15 मई तय की गई है।

### एलएलएम में 50 फीसदी अंक लाने पर ही मिलेगा साक्षात्कार का मौका

एलएलएम की प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों को अब 50 फीसदी नंबर लाना अनिवार्य होगा। अभी तक इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं थी। प्रवेश परीक्षा के बाद साक्षात्कार के लिए केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा, जिनके 50 फीसदी अंक होंगे। अनुसूचित जाति और जनजाति के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 45 फीसदी नंबर ही लाने होंगे।

### अरेबिक और पर्शियन के ओरिएंटल पाठ्यक्रमों के फॉर्म भी जारी

एलयू ने ओरिएंटल स्टडीज इन अरेबिक और पर्शियन के आवेदन फॉर्म भी जारी कर दिए हैं। इनमें दाबिर-ए-माहिर, दाबिर-ए-कालिम, आलिम और फाजिल-ए-अदब पाठ्यक्रम शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन शुल्क पांच सौ रुपये निर्धारित किया गया है। आवेदन की अंतिम तारीख 10 जुलाई निर्धारित की गई है। एक हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन की अंतिम तारीख 15 जुलाई तय की गई है।

# लविवि में पहली बार ऑनलाइन हुआ पीएचडी का वाइवा

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के फिजिक्स विभाग में सोमवार को पहली बार पीएचड का वाइवा ऑनलाइन आयोजित किया गया। कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए पीएचडी वाइवा लेने आने वाले विशेषज्ञ ने यात्रा करने से मना कर दिया था। इसके बाद लविवि प्रशासन ने पीएचडी वाइवा स्काइप के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित किया। वाइवा की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। फिजिक्स विभाग की विभागाध्यक्ष और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि कुलपति ने विद्यार्थियों के हित में इस व्यवस्था को अनुमति दी है। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। इससे विद्यार्थियों को सहूलियत होगी तथा उनके वाइवा में अनावश्यक देर भी नहीं होगी।

## DAINIK JAGRAN

# सतर्कता के साए में लखनऊ विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** कोरोना से उपजे हालात को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को शुरू हुई वार्षिक परीक्षाओं के दौरान खासी सतर्कता बरती गई। विश्वविद्यालय समेत अन्य परीक्षा केंद्रों पर कोरोना को लेकर तमाम एहतियात देखे गए। विवि प्रशासन, केकेसी समेत सभी केंद्रों पर परीक्षा शुरू होने से पूर्व परीक्षा हाल, को सैनिटाइजर कराया गया। छात्र-छात्राओं को भी परीक्षा हाल में जाने से पूर्व हाथों को सैनिटाइजर से साफ कराया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में सुबह के सत्र में कुल 122 व सभी परीक्षा केंद्रों को मिलाकर करीब 2013 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, कुलानुशासक प्रो. दिनेश कुमार, महाविद्यालय विकास परिषद की डीन डॉ. मधुरिमा लाल, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, लूटा अध्यक्ष डॉ. नीरज जैन ने शिया पीजी कॉलेज, करामत हुसैन पीजी कॉलेज, महिला पीजी कॉलेज, आइटी कॉलेज, विद्यांत पीजी कॉलेज, कालीचरण पीजी कॉलेज समेत परीक्षा केंद्रों का दौरान कर व्यवस्थाओं को देखा।



लखनऊ विश्वविद्यालय में वार्षिक परीक्षा देती छात्राएं • सौजन्यः लविवि

**करीब डेढ़ सौ परीक्षार्थियों ने छोड़ी**

**पीएचडी प्रवेश परीक्षा:** कोरोना का भय हो या फिर कोई और कारण। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित पीएचडी प्रवेश परीक्षा में कई परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एप्लाइड इकोनॉमिक्स में 21, कॉमर्स में 83, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में 64 समेत कुल 168 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।